**07.10.2023 आकाशवाणी भोपाल 7.10PM**

## मुख्य समाचार

- राज्य के गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने दीनदयाल रसोई योजना की आज से शुरूआत।
- वस्तु और सेवा कर जीएसटी परिषद ने शीरे पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर की 5 प्रतिशत।
- राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने लोगों से वन्य प्राणियों की 365 दिन सुरक्षा, संरक्षण और सेवा का संकल्प लेने की अपील की।

और

- एशियाई खेलों में आज भारत ने 6 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक सहित 10 पदक जीते।

### एशियाई खेल

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों में आज भारत ने अब तक 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते हैं। पुरुष क्रिकेट में भारत को स्वर्ण पदक मिल गया है। पुरूषों की कबड्डी के फाइनल में भारत ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिला कबड्डी में भी भारत ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकी रेड्डी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए महिला कंपांउड के फाइनल में दक्षिण कोरिया की सो सी को 149–145 के अंतर से पराजित स्वर्ण पदक जीता। पुरुष कंपाउंड के फाइनल मैच में ओजस देवतले ने स्वर्ण पदक और अभिषेक वर्मा ने रजत पदक जीता। आज का पहला पदक महिला कंपाउंड तीरंदाजी के सिंगल्स में अदिति ने कांस्य पदक के रूप में जीता। पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 86 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पुनिया को रजत पदक मिला है। फाइनल में दीपक को 3 बार के विश्व चैंपियन हसन यजदानी से हार का सामना करना पड़ा। महिला हॉकी में भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत 28 स्वर्ण, 36 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 105 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है और यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### प्रधानमंत्री–100 पदक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। उन्होंने कहा कि हर असाधारण प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और भारतीयों में गर्व की भावना पैदा की है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी बधाई देते हुए कहा कि ये एथलीट भावी खिलाडियों के लिए प्रेरणा–स्रोत बनेंगे।

## जीएसटी परिषद–बैठक

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक हुई। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी शामिल हुए। बाद में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि बैठक में जीएसटी अपीलीय ट्राइब्यूनल के अलावा बाजरा तथा शीरे पर जीएसटी की दरों के बारे में फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि परिषद ने शीरे पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे गन्ना उत्पादक किसान लाभान्वित होंगे। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि खुले में बेचे जाने वाले बाजरे के आटे पर कोई जीएसटी नहीं लगाया जाएगा लेकिन पैकेट में लेबल के साथ बेचे जाने वाले ऐसे आटे पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। अपीलीय ट्राइब्यूनल पर लिए गए फैसले के बारे में उन्होंने कहा कि ट्राइब्यूनल के अध्यक्ष की अधिकतम आयु सीमा 67 वर्ष से बढाकर 70 वर्ष कर दी गई है।

## प्रधानमंत्री–बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिये गए भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की। स्वतंत्रता दिवस के भाषण में, श्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का जिक्र किया था। बैठक में उन्होंने इस घोषणा को लागू करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का भी उल्लेख किया था। बैठक में इसकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

## दीनदयाल रसोई योजना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट सिटी पार्क में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत चलित रसोई केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई भी गरीब भूखे पेट न सोए, इसके लिए हम संकल्पित हैं। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत आज हमने चलित रसोई केंद्रों का शुभारंभ किया है। अब किसी भी गरीब भाई–बहन को भोजन के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा आप जहां होंगे खाना वहीं पहुंचेगा और गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए आपको सिर्फ ₹5 देने होंगे। इस योजना में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम इंदौर में 4, भोपाल में 3 तथा जबलपुर एवं ग्वालियर में 2–2 चलित रसोई केन्द्र शुरू किये गए हैं। शेष 12 नगरपालिक निगमों सहित पीथमपुर और मण्डीदीप नगरीय निकाय में एक–एक चलित रसोई केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 फरवरी 2017 को दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। प्रदेश में कुल 166 रसोई केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों में 5 रूपये प्रति थाली की दर से सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक भोजन का वितरण किया जाता है।

## वन्यप्राणी सप्ताह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रकृति की रचनाओं में मानव प्रजाति सबसे अधिक सामर्थ्यवान है। उसके पास बुद्धि, वाणी की अदभुत शक्तियां है। मानव का कर्तव्य है कि वह वन और वन्य प्राणी की सेवा का उत्तरदायित्व ग्रहण करे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे वन और वन्यप्राणियों की 365 दिन सुरक्षा, संरक्षण और सेवा का संकल्प लें। श्री पटेल आज भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित राज्यस्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह समापन और पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के 98 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी असीम श्रीवास्तव ने वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान संचालित गतिविधियों की जानकारी में बताया कि चित्रकला, फोटोग्राफी, रंगोली, वाद विवाद सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## जीतेन्द्र सिंह चिकित्सा उपकरण

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जीतेन्द्र सिंह ने आज कहा कि भारत चिकित्सा प्रौद्योगिकी और उपकरण का वैश्विक केन्द्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि देश में चिकित्सा उपकरण बाजार मौजूदा समय में ग्यारह अरब डॉलर का है जो वर्ष 2050 तक अनुमानित पचास अरब डॉलर का होगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के आठवें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व के पांच शीर्ष चिकित्सा उपकरण विनिर्माताओं में शामिल है। भारत में निर्मित उच्च तकनीक युक्त चिकित्सा उपकरण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा है। इस सम्मेलन का आयोजन मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के एक समूह ने किया है।

## समाचार संक्षेप में

- शहडोल से नागपुर के लिए सीधी ट्रेन का नियमित परिचालन कल से सुबह 8 बजे नागपुर से होगा। ट्रेन रात 10 बजे शहडोल पहुंचेगी। इसी तरह शहडोल से सुबह 5 बजे रवाना होगी और शाम 6 बजे नागपुर पहुंचेगी।
- शाजापुर जिले में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आज विद्यालयों, महाविद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।
- देवास में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में एन.ई.पी. युवा सारथी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सीहोर जिले के आष्टा में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का कल देर शाम समापन हुआ। इस अवसर पर टीकाकरण, मतदाता जागरूकता के साथ ही अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर प्रश्न मंच के जरिए केंद्रीय संचार ब्यूरो इंदौर के प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार ने संवाद किया।
- जबलपुर के निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज पर आज अचानक ही मलबा गिर जाने से वहां पर काम कर रहे चार मजदूर दब गए। इनमें एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूर घायल हो गए।